11.05.2020

प्रेस विज्ञप्ति

नई दिल्ली, **दिनांक:** 11 **मई** 2020

एनएचएसआरसीएल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से, तीन ऑनलाइन बोली-पूर्व बैठकें जिसमें गुजरात और दादरा और नगर हवेली में 14 पुलों के निर्माण के अनुबंधों के लिए बोली-पूर्व बैठकें भी शामिल थी, आयोजित की

नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा कार्यान्वित मुंबई - अहमदाबाद हाई स्पीड रेल परियोजना की गति बनाए रखने के लिए, **कोविड-** 19 **के कारण लॉकडाउन अवधि के दौरान**, **तीन सक्रिय निविदाओं के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आज ऑनलाइन बोली-पूर्व बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य संभावित बोलीदाताओं के संदेह को स्पष्ट करना था**, **इससे पहले कि वे अपना अंतिम बोली दस्तावेज प्रस्तुत करें।**

ऑनलाइन बोली-पूर्व बैठकों को असाधारण प्रतिक्रिया मिली और इसमें विभिन्न निर्माण कंपनियों, **जापान के जेआईसीसी के सदस्य**, **एनएचएसआरसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों और गुजरात के विभिन्न शहरों में स्थित साइटों के कार्यालयों से मुख्य परियोजना प्रबंधकों / एनएचएसआरसीएल ने भाग लिया। भावी बोलीदाताओं ने एनएचएसआरसीएल द्वारा ऑनलाइन बोली-पूर्व बैठकों के माध्यम से अनुबंध से संबंधित अपने प्रश्नों को स्पष्ट करने के लिए किए गए प्रयासों की भी सराहना की।**

बोली-पूर्व बैठकें निम्नलिखित तीन अनुबंधों के लिए आयोजित की गईं:

1) **MAHSR-P-1(B) : मुंबई और अहमदाबाद हाई स्पीड रेल के निर्माण के प्रोजेक्ट के लिए गुजरात राज्य और केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली में महाराष्ट्र-गुजरात बॉर्डर पर जारोली गाँव (**MAHSR Km. **156.600) और वडोदरा (**MAHSR Km. **393.700) के बीच डबल लाइन हाई स्पीड रेलवे के लिए 02 नं.** PSC **पुलों (**GAD **9** & **1441) और 07 नं. स्टील ट्रस पुलों (**GAD **68**, **1134**, **12**, **61**, **14**, **15 और 62) का निर्माण [स्टील ट्रस गर्डर्स का फैब्रिकेशन और परिवहन को छोड़कर]।**

2) **MAHSR-P-1(C): मुंबई और अहमदाबाद हाई स्पीड रेल के निर्माण के प्रोजेक्ट के लिए गुजरात राज्य में वडोदरा (**MAHSR Km. 401.898) **और अहमदाबाद (**MAHSR Km. 489.467) **के बीच डबल लाइन हाई स्पीड रेलवे के लिए** 01 **नं.** PSC **पुल (**GAD 33) **और** 04 **नं. स्टील ट्रस पुलों (**GAD 28, 1967, 31 and 32) **का निर्माण [स्टील ट्रस गर्डर्स का फैब्रिकेशन और परिवहन को छोड़कर] ।**

3) **MAHSR P-4(X) and MAHSR P-4(Y): प्रोक्योरमेंट, फैब्रिकेशन, चेक-असेंबली, वर्कशॉप में पेंटिंग और स्टील ट्रस सुपरस्ट्रक्चर का विभिन्न ब्रिज साइट्स पर परिवहन के साथ-साथ सड़क / नदियों / रेलवे / अन्य संरचनाओं को पार करने के लिए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर के लिए** 33 **पुलों के लिए बियरिंग्स के साथ, दो(**2) **पैकेज में [**MAHSR P-4 (X) **और** MAHSR P-4 (Y)] **मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल के निर्माण के लिए परियोजना के लिए।**

लॉकडाउन के बावजूद, हेड ऑफिस और प्रोजेक्ट साइट कार्यालयों में एनएचएसआरसीएल की टीमें ऑनलाइन काम कर रही हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड प्रोजेक्ट से संबंधित परियोजना बिना किसी देरी के चल रही है। परियोजना की प्रगति की निगरानी के लिए नियमित समीक्षा बैठकें भी आयोजित की जा रही हैं।

एनएचएसआरसीएल इस कठिन समय में समर्थन की निरंतर रफतार सुनिश्चित करने के लिए और अपने हितधारकों के साथ जुड़े रहने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठा रही है। परियोजना संबंधी कार्यों जैसे बोली दस्तावेजों को अंतिम रूप देना, संरचनाओं के वास्तुशिल्प डिजाइन और ड्राइंग को अंतिम रूप दिया जा रहा है। क्षमता और कौशल निर्माण से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आईटी समाधानों के माध्यम से आयोजित किए जा रहे हैं।

****